२० अनुच्छेद-लेखन

अनय: स्क्विटल, मैं जब भी देखता हूँ, तुम कुछ-न-कुछ लिखती रहती हो। देखो तो सही, आज मैंने भी अपने बगीचे के बारे में कुछ वाक्य लिखे हैं।

स्क्विटल: हाँ लाओ अनय, मैं देखती हूँ। अरे! तुमने तो ये आठ-दस वाक्य 'मेरा बगीचा' विषय पर लिखे हैं। तुमने वाक्य क्रम से और सरल तरीके से भी लिखे हैं।

अनय ने एक विषय पर आठ से दस वाक्य लिखे हैं।

जब किसी एक विषय पर आठ से दस वाक्य क्रम से लिखते हैं, तब उसे अनुच्छेद-लेखन कहते हैं।

- अनुच्छेद लिखने से पहले विषय पर विचार कर लेना चाहिए।
- अनुच्छेद किसी एक विषय पर लिखा जाता है।
- विचार किए गए वाक्यों को क्रम से लिखना चाहिए।
- अनुच्छेद आठ से दस वाक्यों में सरल भाषा में लिखना चाहिए।

प्रश्न.१. अनुच्छेद कितने वाक्यों में लिखा जाता है?

____

____

____

प्रश्न.२. अनुच्छेद लिखते समय वाक्य कैसे होने चाहिए?

____

____

प्रश्न.३. स्क्विटल ने अनय के अनुच्छेद के बारे में क्या कहा?

अनुच्छेद-लेखन: वर्षा ऋतु

हमारे देश में छह ऋतुएँ होती है। गरमी के बाद वर्षा ऋतु आती है। वर्षा हमारे जीवन के लिए जरूरी है। आकाश में घने-काले बादल छा जाते हैं। बादल गरजने लगते हैं, बिजली कड़कने लगती है। प्यासी धरती को पानी मिलता है। चारों ओर हरियाली छा जाती है। गरमी से व्याकुल सभी लोगों के मन में प्रसन्नता की लहर छा जाती है। किसानों को नया जीवन मिल जाता है और पेड़-पौधे हरे हो जाते हैं। सूखी नदियों और तालाबों में पानी भर जाता है। वर्षा के बाद चमकता इंद्रधनुष सबका मन मोह लेता है। बच्चे वर्षा में नहाकर खुश होते हैं।

प्रश्न.४. शीर्षक लिखते हुए शब्दों की सहायता से अनुच्छेद लिखिए।

दशहरे का त्योहार   नवरात्र के दसवें   राम और रावण का युद्ध   धूमधाम से मनाना
'रामलीला' का आयोजन   रावण दहन   झाकियाँ निकलना

शीर्षक ___

प्रश्न.५. रिक्त स्थानों को भरकर अनुच्छेद पूरा कीजिए।

छोटा-सा, खाना, बगीचा, पेड़-पौधे, बहन, दादाजी, घर, माँ, सब्जियाँ, खिड़की

यह मेरा घर है। यह घर ______ है, पर बहुत सुंदर है। मेरे घर में दादा-दादी, माता-पिता और एक छोटी ______ रहती है। हम सभी एक-दूसरे को बहुत प्यार करते हैं। मेरे घर के सामने एक ______ है जिसमें तरह-तरह के ______ और झूले हैं। मैं शाम को ______ के साथ बगीचे में जाता हूँ। मेरे घर में चार कमरे हैं। मेरे कमरे की ______ से बगीचा दिखाई देता है। रसोईघर के सामने खुली जगह है। हम सभी वहाँ बैठकर ______ खाते हैं। घर के पीछे थोड़ी जगह में हमने कुछ ______ उगाई हैं। बगीचे की देखभाल में मैं भी ______ की मदद करता हूँ। मुझे मेरा ______ बहुत प्यारा लगता है।

प्रश्न.६. प्रातःकालीन सैर क्यों करना चाहिए और इसके कौन-कौन-से फायदे होते हैं? क्या आप भी रोज सैर करने के लिए जाते हैं? इस विषय पर ६-८ वाक्यों में एक अनुच्छेद लिखिए।